pan>

Title: Issue regarding registration of lands for establishment of Kendriya Vidyalaya in Birpur in Supaul Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में विषय उठाने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल, बिहार अंतर्गत बीरपुर में केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत है । वहाँ सीमा सुरक्षा बल द्वारा केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए पाँच एकड़ भूमि उपलब्ध करा दी गई है । केन्द्रीय विद्यालय संगठन का कहना है कि विद्यालय के लिए उपलब्ध कराई गई भूमि, विद्यालय के नाम से निबंधन कराए बगैर उक्त भूमि पर विद्यालय की स्थापना संभव नहीं है । विद्यालय की भूमि का निबंधन कराने को लेकर 33,00250 रुपये का खर्च आ रहा है । उस विद्यालय का मामला यहीं अटका हुआ है । यह खर्च न तो केन्द्रीय विद्यालय संगठन वहन करने को तैयार है और न ही एस.एस.बी. के पास ऐसा कोई फंड है । इसलिए, विद्यालय की स्थापना का यह मामला सालों से लंबित पड़ा है ।

अत: मेरा सदन के माध्यम से गृह मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध है कि जनहित में भूमि निबंधन की राशि की खर्च का वहन मंत्रालय द्वारा किया जाए, जिससे उक्त केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण हो सके । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री मोहम्मद फैजल पी.पी. – उपस्थित नहीं